तापमान
अधिकतम 30.7°C
न्यूनतम 20.4°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- रोडवेज यूनियन पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे

दशहरे पर 200 से अधिक ड्रोन करेंगे अद्भुत लेजर शो

शहर में पहली बार आसमान में होगा राम-रावण युद्ध

20 को नई अनाज मंडी के सामने हुडा ग्राउंड में सजेगी भक्ति और सनातन संस्कृति की भव्य संध्या, अयोध्या से पहुंचेगी ड्रोन शो की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से नवगठित श्री सनातनी युवा फाउंडेशन द्वारा दशहरे के अवसर पर एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने जा रहा है। आगामी 20 अक्टूबर को नई अनाज मंडी के सामने हुडा ग्राउंड में शाम 4 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भक्ति संगीत, आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ड्रोन लेजर शो और फिल्मी कलाकारों की उपस्थिति मुख्य आकर्षण रहेंगे। मैना टूरिस्ट कांप्लेक्स में आयोजित पत्रकार वार्ता में फाउंडेशन के संरक्षक और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व संयोजक जाने-माने उद्योगपति करण विग ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण आधुनिक तकनीक से प्रस्तुत किया जाने वाला अयोध्या का प्रसिद्ध भव्य ड्रोन शो होगा। इस शो में 200 से अधिक ड्रोन के माध्यम से आसमान में भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध सहित रामायण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।



अनूठा होगा अनुभव

ड्रोन के माध्यम से आकाश में बनने वाली आकर्षक आकृतियां और रामायण के प्रसंग दर्शकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। इस पहल का उद्देश्य धार्मिक आस्था को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित करवाना है। पत्रकार वार्ता में भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, रवि गुगनानी, चैयरमेन अशोक चौधरी, समाजसेवी पवन आहूजा, जेड ग्लोबल स्कूल निदेशक डॉ चंद्र गर्ग, जितेश लोहचब, चैयरमेन खुशीराम हुड्डा, उद्योगपति अनिल अरोड़ा, हिमांशु ग्रोवर, अंशुल पठानिया, महेंद्र, चंदन बक्शी, गगन आहूजा, राजू मदान, शेखर मिनोचा, ईश्वर सिंगल, संदीप गर्ग, विकास बंसल, ज़ुबेर सैनी, तरुण ढुआ समेत फाउंडेशन के अनेक सदस्य मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते फाउंडेशन के संरक्षक और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व संयोजक जाने-माने उद्योगपति करण विग व अन्य सदस्य।

'हनुमान अंश' की स्टार कास्ट भी होगी शामिल

कार्यक्रम में 'हनुमान अंश' फिल्म की स्टार कास्ट को भी आमंत्रित किया गया है। संयोजक करण विग ने बताया कि फिल्म से जुड़े कलाकार कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और फिल्म के कुछ विशेष दृश्य भी दर्शकों को दिखाए जाएंगे। धार्मिक विषयों पर आधारित फिल्म के कलाकारों की मौजूदगी से युवाओं को भारतीय धार्मिक परंपराओं, भगवान हनुमान के आदर्शों और सनातन संस्कृति के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा।

धार्मिक आस्था, भक्ति संगीत व तकनीक का होगा अनूठा संगम

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि 20 अक्टूबर को होने वाला यह आयोजन धार्मिक आस्था, भक्ति संगीत और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम होगा। एक ओर मथुरा का प्रसिद्ध केशव बैंड भजन टीम श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे, वहीं दूसरी ओर ड्रोन शो के माध्यम से रामायण के प्रसंगों का आकाशीय प्रदर्शन लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। संयोजक करण विग ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के सामने सकारात्मक दिशा प्रस्तुत करना है। आज युवाओं को नशे और गलत संगत से दूर रखकर संस्कारों, नैतिक मूल्यों और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

खबर संक्षेप

नेट/जेआरएफ पेपर-1 की कोचिंग 23 से

रोहतक। एमडीयू के सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन की ओर से यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा के पेपर-1 की ऑफलाइन कोचिंग कक्षाएं 23 अक्टूबर से शुरू होंगी। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर, 2026 कर दी गई है। यूसीसीई निदेशक प्रो विनय मलिक ने बताया कि एमडीयू एवं इससे संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित, दूरस्थ शिक्षा और पूर्व इच्छुक विद्यार्थी नेट/जेआरएफ परीक्षा के पेपर-1 की ऑफलाइन कोचिंग के लिए 22 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फॉर्म स्वराज सदन स्थित यूसीसीई कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत विद्यार्थियों को नियमानुसार यूसीसीई लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी।

नेटबॉल के ट्रायल अब कल होंगे

रोहतक। बारिश से मैदान में पानी जमा होने से 12 अक्टूबर को होने वाले नेटबॉल के चयन ट्रायल स्थगित कर दिए गए हैं। अब ये ट्रायल 14 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजीव गांधी खेल परिसर, सेक्टर-6, रोहतक में होंगे। डीसी सतबीर सिंह ने बताया कि ट्रायल राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026-27 के लिए जिला टीम के चयन के लिए होंगे। खिलाड़ियों को एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और रिहायशी प्रमाण पत्र की प्रति साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

नाबालिग पर जानलेवा हमले का आरोपी दबोचा

रोहतक। किशोर पर छुरी से हमले के पांचवें आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान पाड़ा मोहल्ला के राहुल पुत्र दीपक के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, 30 अगस्त को किशोर घर से बाहर जा रहा था। इसी दौरान आरोपी अनुज ने छुरी से उसपर हमला कर दिया और साथियों राहुल, रौनक और अन्य समेत फरार हो गया।

आखिर कब खत्म होगा शहर के सीने का कोढ़ सबसे व्यस्त सड़क की ओर किसी का ध्यान नहीं

दिल्ली रोड पर रोज आते-जाते हैं हजारों वाहन, दस साल से चल रहा सड़क निर्माण और तोड़फोड़ का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सीने पर एक ऐसा जख्म है, जो भरने का नाम नहीं ले रहा। सड़क बनती है, उसे फिर उखाड़ दिया जाता है। कभी मरम्मत के नाम पर खुदाई शुरू हो जाती है। देखते ही देखते एक-दो नहीं, बल्कि करीब दस साल बीत गए, लेकिन दिल्ली रोड चौराहे से सेक्टर-27 तक सड़क निर्माण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। हालात ऐसे हैं कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिल्ली से आने-जाने वाले वाहन हों या हिसार, जींद और पंजाब की ओर जाने वाले वाहन, इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए सफर आसान होने के बजाय मुसीबत बनता जा रहा है। सवाल यह है कि आखिर शहर की इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कब पूरा होगा और लोगों को बार-बार की खुदाई से कब राहत मिलेगी?



कभी सीवर लाइन तो कभी मरम्मत के नाम पर उखाड़ी सड़क

दिल्ली रोड चौराहे से सेक्टर-27 तक का यह मार्ग यातायात की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से बनी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। करीब दस साल से कभी अमृत योजना के तहत सीवर लाइन दबाने के नाम पर सड़क को खोदा जाता रहा, तो कभी सीवर लाइन की मरम्मत के लिए इसे दोबारा उखाड़ दिया गया। इससे सड़क की हालत लगातार प्रभावित होती रही और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।विडंबना यह है कि सड़क बनाने के लिए खर्च होने वाली राशि और बार-बार होने वाली खुदाई के बावजूद लोगों को स्थायी राहत नहीं मिल सकी। सड़क का निर्माण होने के बाद यदि किसी विभाग को सीवर या अन्य लाइन से संबंधित काम करना होता है, तो फिर सड़क को तोड़ दिया जाता है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आखिर कब तक आम जनता को भुगतना पड़ेगा। अब इस रोड से दुपहिया वाहन लेकर रोजाना गुजरने वाले लोगों की हालत ऐसी हो गई है कि वह कहते हैं कि यहां उड़ रही धूल कहीं उन्हें अस्थमा का मरीज ही न बना दे।इसके अलावा दर्जनों लोग यहां रोडी पत्थरों के बीच गिरकर घायल होते रहते हैं। देखने वाली बात यह है कि पीडब्ल्यूडी इस सड़क का निर्माण कब पूरा करवाता है।

55 लाख रुपये से बननी थी तारकोल की सड़क

इस मार्ग पर करीब 55 लाख रुपये की लागत से तारकोल की सड़क बनाने की योजना थी। कुछ एरिया में सड़क बनाई गई लेकिन वह कुछ ही दिनों में टूट गई। अब जर्जर हो चुकी इस सड़क से रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों को न केवल परेशानी होती है, बल्कि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली की ओर से रोहतक आने वाले लोगों के साथ-साथ भिवानी, हिसार, जींद और पंजाब की तरफ जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति का असर केवल आसपास के निवासियों पर ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों से आने-जाने वाले लोगों पर भी पड़ता है। व्यस्त मार्ग पर निर्माण कार्य में देरी होने से यातायात व्यवस्था पर भी दबाव बना रहता है।

अंडरपास तैयार, लेकिन सौंदर्यीकरण का काम बाकी

इस सड़क मार्ग पर दोनों ओर बने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के लिए करीब चार करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास का निर्माण कराया गया है। जिसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अंडरपास का काम एक जून से शुरू किया गया था। जिसे छह माह से पहले ही पूरा कर लिया गया। हालांकि, अंडरपास तैयार होने के बावजूद इसके आसपास सौंदर्यीकरण का काम अभी बाकी है। ऐसे में परियोजना से जुड़े शेष कार्यों को पूरा करना भी जरूरी है, ताकि क्षेत्र को व्यवस्थित रूप दिया जा सके। सड़क और सीवर से जुड़े कार्यों को लेकर सबसे बड़ा सवाल विभागीय तालमेल पर खड़ा होता है। यदि सीवर लाइन डालने और उसकी मरम्मत की जरूरत पहले से पता थी, तो सड़क निर्माण से पहले सभी कार्यों की योजना बनाकर उन्हें पूरा क्यों नहीं किया गया? बार-बार सड़क तोड़ने की नौबत क्यों आई? करीब दस साल से चली आ रही समस्या के बावजूद स्थायी समाधान क्यों नहीं निकल पाया?

सांपला में दुकान में सोया मिस्त्री, सुबह मृत मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे में खरखौदा मार्ग स्थित एक गली में रविवार रात दुकान में सोए मिस्त्री का सोमवार सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। प्रारंभिक जांच के दौरान दुकान में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जानकारी के अनुसार, झज्जर जिले के बादली क्षेत्र के गांव लगरपुर निवासी ईश्वर सांपला में खरखौदा मार्ग की एक गली में गेट और जाली बनाने का काम करता था। रविवार को वह अपनी दुकान में ही सो गया था। सोमवार सुबह उसका शव दुकान में मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

- एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच, दुकान में नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

मौसम ने ली करवट, शहर में 9 व सांपला में 10 एमएम बरसात

15 अक्टूबर को भी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार सुबह रोहतक शहर और सांपला क्षेत्र में बारिश हुई। रोहतक में 9 एमएम और सांपला में 10 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि महम, कलानौर और लाखनमाजरा में बारिश नहीं हुई। बारिश के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिला। मंडियों में धान की खरीद और उठान के बीच बारिश से खुले में रखी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई थी। हालांकि, आढ़तियों ने सतर्कता बरतते हुए समय रहते धान को तिरपाल से ढक दिया। इससे बारिश के बावजूद फसल सुरक्षित रही और किसानों व आढ़तियों ने राहत की सांस ली।धान की खरीद के सीजन में मंडियों में बड़ी मात्रा में फसल खुले में रखी जाती है। ऐसे में अचानक होने वाली बारिश से धान के भीगने और उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा रहता है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 15 अक्टूबर को गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश की संभावना बन सकती है। ऐसे में मंडियों में खुले में रखे धान को सुरक्षित रखने के लिए आढ़तियों और किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है।

खरैंटी में बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

फोरमैन के कपड़े फाड़े और मोबाइल छीना, 50-60 लोगों पर आरोप, लाखन माजरा थाने में केस दर्ज

- चेकिंग के दौरान बिजली चोरी के लिए लगाई गई केबल हटाते वक्त किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली चोरी पकड़ने गई बिजली निगम की टीम और पुलिसकर्मियों को गांव खरैंटी में विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि चेकिंग के दौरान बिजली चोरी में इस्तेमाल तार हटाई जा रही थी, तभी 50 से 60 लोग मौके पर पहुंच गए और टीम के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बिजली निगम के फोरमैन के कपड़े फाड़ने और बिजली चोरी की वीडियोग्राफी कर रहे मोबाइल फोन को छीनने का भी आरोप है। मामले में लाखन माजरा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजली निगम की टीम के साथ थे सिंचाई व बिजली थाने के कर्मचारी

बिजली निगम के एसडीओ, सब अर्बन सब डिवीजन रोहतक की ओर से दी गई शिकायत के अनुसार, 10 अक्टूबर को थाना प्रभारी सिंचाई एवं बिजली रोहतक के अनुरोध पर बिजली निगम की टीम गांव खरैंटी पहुंची थी। टीम में जेई जोरा सिंह और जेई नवीन के नेतृत्व में कर्मचारी शामिल थे। उनके साथ थाना सिंचाई एवं बिजली रोहतक के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। टीम ने गांव में महावीर पुत्र दरिया सिंह, अनिता पत्नी राकेश, सुभाष पुत्र राममेहर और ओमपती पत्नी रणबीर के घरों पर चेकिंग की। शिकायत के अनुसार, इन स्थानों पर बिजली चोरी मिलने पर टीम ने चोरी में इस्तेमाल की जा रही तार हटाने की कार्रवाई शुरू की।

पुलिस कर्मियों को भी लात-घूसों से पीटा

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तार हटाने के दौरान करीब 50-60 लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और बिजली कर्मचारियों तथा पुलिसकर्मियों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। इस दौरान टीम के सदस्य सुरेश फोरमैन के कपड़े फाड़ दिए गए और बिजली चोरी से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग वाले मोबाइल फोन को छीन लिया गया।

दो घायलों की एमएलआर भी पुलिस को मिली

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, घटना के संबंध में दो मेडिकल लीगल रिपोर्ट (एमएलआर) भी प्राप्त हुईं। इनमें जोगेंद्र पुत्र भूप सिंह निवासी गांव बैसी और सुरेश कुमार पुत्र ईश्वर सिंह निवासी रोहतक की चोटों का उल्लेख है। दोनों की एमएलआर में क्रमशः तीन और दो चोटें दर्ज की गईं। चिकित्सकों ने दोनों घायलों को आगे के उपचार के लिए सामान्य अस्पताल रोहतक रेफर किया था। लाखन माजरा थाना पुलिस ने केस दर्ज किया।

किरायेदार सत्यापन से बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान तक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जम्मू, असम व बंगाल में सख्ती के बाद जिले में पहुंचे बांग्लादेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की गलियों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक, रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों से लोग आकर रह रहे हैं। कोई फैक्टरी में काम कर रहा है, कोई निर्माण स्थल पर मजदूरी कर रहा है, तो कोई घरों में सफाई और अन्य घरेलू कामों से जुड़ा है। ऐसे में सवाल सिर्फ लोगों के आने-जाने का नहीं, बल्कि उनकी पहचान, निवास और रोजगार से संबंधित रिकॉर्ड की उपलब्धता का भी है। आखिर रोहतक में बाहर से आकर रहने वाले लोगों की जानकारी किस विभाग के पास है। सुरक्षा के लिहाज से इन सवालों का स्पष्ट जवाब जरूरी है। पुलिस और जिला प्रशासन के पास उपलब्ध आंकड़ों, सत्यापन की स्थिति तथा संबंधित विभागों की जिम्मेदारी को लेकर पारदर्शिता होनी चाहिए। हालांकि, किसी व्यक्ति को केवल उसके क्षेत्र, भाषा, पहनावे या संदेह के आधार पर विदेशी नागरिक नहीं माना जा सकता। खासकर बांग्लादेशी, आसाम और कशमीर नागरिकों की मौजूदगी के संबंध में किसी भी दावे की पुष्टि आधिकारिक जांच और दस्तावेजों के आधार पर ही की जानी चाहिए।



एआई जेनरेटेड

कोई नौकरी में तो कोई घरों में सफाई के काम में

रोहतक में रोजगार, कारोबार और अन्य कारणों से बाहर से आने वाले लोगों की आवाजाही को देखते हुए सत्यापन व्यवस्था की प्रभावशीलता महत्वपूर्ण हो जाती है। सवाल यह है कि शहर में अस्थायी या स्थायी रूप से रहने वाले लोगों की जानकारी जुटाने और उसे अपडेट रखने के लिए क्या व्यवस्था है। पुलिस की ओर से समय-समय पर सत्यापन अभियान चलाए जाते हैं तो उनका दायरा और परिणाम भी सामने आने चाहिए, ताकि पता चल सके कि व्यवस्था कितनी प्रभावी है। फैक्ट्रियों, दुकानों, निर्माण स्थलों और घरों में काम करने वाले लोगों की पहचान और पते का रिकॉर्ड अलग-अलग नियोक्ताओं या ठेकेदारों के पास हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि संबंधित प्रतिष्ठान कर्मचारियों का विवरण किस तरह रखते हैं और जरूरत पड़ने पर यह जानकारी उपलब्ध कराने की क्या व्यवस्था है। घरेलू कामगारों के मामले में भी पहचान और पते की जानकारी सुरक्षित रखने को लेकर जागरूकता जरूरी है।

प्रशासन के पास कितना डाटा

दूसरे राज्यों से आकर रोहतक में रहने वाले लोगों की कुल संख्या और उनके निवास स्थान से संबंधित समेकित आंकड़ा उपलब्ध है या नहीं, यह अहम सवाल है। पुलिस, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के पास अलग-अलग तरह की जानकारी हो सकती है। लेकिन क्या इन आंकड़ों को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। क्या विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की कोई व्यवस्था है। आधिकारिक जानकारी सामने आने से रिकॉर्ड की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

सत्यापन की पड़ताल

मकान मालिकों और पीजी संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे लागू नियमों के अनुसार किरायेदारों का सत्यापन कराएं। लेकिन शहर में कितने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन हुआ, कितने मामले लंबित हैं और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कितनी कार्रवाई की गई, इन सवालों के जवाब जरूरी हैं। सत्यापन की प्रक्रिया की नियमित समीक्षा से यह पता चल सकता है कि कहीं व्यवस्था केवल कागजों तक तो सीमित नहीं है।

मजदूरों की सूची कहां दर्ज है

औद्योगिक इकाइयों और निर्माण स्थलों पर ठेकेदारों के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिक काम करते हैं। ऐसे में मजदूरों के नाम, पते और कार्यस्थल से संबंधित विवरण का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है। सवाल यह है कि ठेकेदारों के पास उपलब्ध सूची कितनी नियमितता से अपडेट होती है और संबंधित विभाग उसकी जांच कैसे करते हैं। इस व्यवस्था की स्पष्ट जानकारी सामने आने से श्रमिकों के रिकॉर्ड और निगरानी की स्थिति समझी जा सकेगी। जिले में बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी को लेकर कोई शिकायत या सूचना सामने आती है तो उसकी पुष्टि निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत की जानी चाहिए। प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या ऐसे किसी मामले में आधिकारिक रूप से पहचान की पुष्टि हुई है, कितने मामले दर्ज किए गए और उनमें क्या कार्रवाई हुई। यदि कोई प्रमाणित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, तो केवल चर्चा या संदेह के आधार पर किसी समुदाय के बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

स्टेट क्राइम ब्रांच टीम ने देर रात चलाया सर्च ऑपरेशन



रोहतक। चंडीगढ़ स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार देर रात रोहतक में बोहर के ऊपर बने नाके पर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। यहां से गुजरने वाली सभी गाड़ियों को रुकवा कर गहनता से जांच की। सभी के दस्तावेज जांचे और नंबर भी नोट किए गए। बिना चेकिंग के किसी को भी आगे नहीं बढ़ने दिया जा रहा सड़क के दोनों तरफ चेकिंग की जा रही है। बताया जा रहा है स्टेट क्राइम ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अमित कुमार के नेतृत्व में यह जांच अभियान चलाया गया।

मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि

- सुबह से ही मंदिरों में लगी भक्तों की कतारें, पूजा अर्चना और मां के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां को फूल, फल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में पूजा-पाठ और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहर के माता दरवाजा स्थित देवी मंदिर, बाबा लक्ष्मणपुरी डेरा मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी स्थित मंदिरों, साईं मंदिर और अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माथा टेका। कई मंदिरों में सुबह विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां की आराधना कर व्रत रखा और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी तप, त्याग, संयम और साधना की प्रतीक हैं।

मां की महिमा का गुणगान किया

नवरात्र के दूसरे दिन उनकी पूजा करने से भक्तों को धैर्य, आत्मबल और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति मिलने की मान्यता है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए पूजा-अर्चना के दौरान विशेष उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर मां की महिमा का गुणगान किया। वहीं, परिवारों के साथ मंदिर पहुंचे बच्चों और बुजुर्गों ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया। नवरात्र को लेकर बाजारों में भी धार्मिक सामग्री, फूल और प्रसाद की खरीदारी देखने को मिली।श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से घर-परिवार में सुख-शांति, अच्छी सेहत और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। नवरात्र के चलते शहर में धार्मिक माहौल बना हुआ है और आने वाले दिनों में मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

18 अक्टूबर को निकलेगी बालाजी धाम डोभ के लिए 111वीं पैदल ध्वजा यात्रा

रोहतक। श्री शनि देव मित्र मंडल की ओर से रविवार, 18 अक्टूबर को श्री बालाजी धाम डोभ के लिए 111वीं भव्य पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 11,111 ध्वजाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा सुबह नौ बजे श्री दुर्गा भवन मंदिर से शुरू होकर भिवानी चुंगी के रास्ते गांव डोभ स्थित श्री बालाजी धाम पहुंचेगी। यात्रा में केदारनाथ रथ, बद्रीनाथ रथ, श्री बालाजी धाम डोभ दरबार, श्री दुर्गा माता दरबार और आकर्षक धार्मिक झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। ढोल-नगाड़ों के बीच निकलने वाली यात्रा के साथ विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी।श्री बालाजी धाम पहुंचने पर श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। आयोजकों के अनुसार, प्रत्येक रविवार यह पैदल यात्रा निकाली जाती है। इस बार 111वीं यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री बालाजी धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल का आशीर्वाद रहेगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

- यात्रा में 11,111 ध्वजाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे

आईटीआई मैदान में रामलीला का भव्य मंचन

राम ने किया ताड़का का वध

राम जन्म के मंचन ने मोहा दर्शकों का मन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल, फूलों की वर्षा और आतिशबाजी ने बढ़ाई महोत्सव की भव्यता



श्रद्धालु हुए भावविभोर

मुख्य निर्देशक लीलाधर के निर्देशन में कलाकारों ने दिखाया कि पृथ्वी पर राक्षसों के अत्याचार बढ़ने पर ऋषि-मुनि और धरती माता भगवान विष्णु से रक्षा की प्रार्थना करते हैं। भगवान विष्णु उन्हें श्रीराम के रूप में अवतार लेकर राक्षसों का संहार करने का आश्वासन देते हैं। इसके बाद राजा दशरथ के यज्ञ और भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस दृश्य पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

रोहतक। श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से सर्कुलर रोड स्थित पुरानी आईटीआई मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म, ताड़का वध और सुबाहु-मारीच प्रसंग का शानदार मंचन किया गया। मुंबई से आए कलाकारों ने अपने अभिनय और प्रभावशाली संवादों से दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य प्रस्तुत होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। राधा-कृष्ण और राम दरबार की 20 आकर्षक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। होली हार्ट अस्पताल के डॉ. अंकुर बत्तरा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में हनुमंत वायर उद्योग के निदेशक सुरेश सेठ और गगन मोंगिया, पंचरत्ना फास्टनर के प्रबंध निदेशक राकेश आहुजा, पठानिया पब्लिक स्कूल के निदेशक अंशुल पठानिया और एवी फास्टनर के निदेशक सुशील अरोड़ा उपस्थित रहे। कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं उद्योगपति राजेश जैन और प्रधान सुभाष तायल ने अतिथियों के साथ रिबन काटकर तथा रिमोट का बटन दबाकर रामलीला का शुभारंभ किया।



श्री सनातम धर्म पंजाबी राम लीला द्वारा राम बारात का तिलक लगाकर शुभारंभ करते उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज।

श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला की ओर से निकाली गई राम बारात

श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला की ओर से राम बारात का आयोजन किया गया। राम बारात का शुभारंभ डेरा श्री बाबा लक्ष्मपुरी महाराज से हुआ। इस अवसर पर उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज ने तिलक लगाकर राम बारात को विधिवत रवाना किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। राम बारात के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और सनातन संस्कृति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और धार्मिक वातावरण भक्तिमय हो गया।

गूंजे श्रीराम के जयकारे

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी की ओर से आयोजित रामलीला के दूसरे दिन कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से भगवान श्रीराम की लीलाओं को जीवंत किया। मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रामलीला के दौरान पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

ग्लोबल बिजनेस मॉडल्स को स्थानीय स्तर पर उतार रहे सोनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक के द पेज होटल व द पराडा होटल के फाउंडर, रेड बॉल क्रिकेट मैदान के फाउंडर व क्रिकेटर सोनू मलिक विदेश यात्राओं के माध्यम से प्राप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव, खेल पद्धतियों और बिजनेस मॉडल को स्थानीय युवाओं, खिलाड़ियों और व्यावसायिक समुदाय के साथ साझा कर रहे हैं। सोनू मलिक रोहतक के जाने-माने क्रिकेट कोच, बिजनेसमैन और फिलान्थ्रोपिस्ट के रूप में कार्य करते हैं। वे समय-समय पर विभिन्न देशों की यात्राएं करते रहे हैं, जिनका उद्देश्य वहां की संस्कृति, खेल व्यवस्था, बिजनेस मॉडल, कार्यशैली और बेहतर प्रथाओं को समझना और उनसे सीखना रहा है। हाल ही में उन्होंने इंग्लैंड, विशेष रूप से लंदन की यात्रा की और वहां के खेल, संस्कृति तथा बिजनेस से जुड़ी बेहतर प्रथाओं का अनुभव प्राप्त किया। इंग्लैंड यात्रा के दौरान उन्होंने क्रिकेट से जुड़े लोगों/ टीम से मुलाकात की तथा वहां की उन अच्छी प्रथाओं को समझा, जिन्हें भारत और विशेष रूप से रोहतक के युवा खिलाड़ी अपनाकर लाभ उठा सकते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल एवं प्रशिक्षण पद्धतियों से प्राप्त सीख को अपने क्रिकेट विद्यार्थियों के साथ साझा करते हैं। इसी प्रकार विदेशों में देखी गई बिजनेस की बेहतर कार्यप्रणालियों और व्यावसायिक अनुभवों को रोहतक एवं हरियाणा के व्यापारियों के साथ साझा करने का प्रयास करते हैं।

विदेश यात्राओं का अनुभव

सोनू मलिक अब तक दक्षिण अफ्रीका, दुबई, सिंगापुर, रूस, कजाकिस्तान, नॉर्वे, स्वीडन, चीन, हांगकांग, अजरबैजान, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, नीदरलैंड, पेरिस/ फ्रांस और स्विट्जरलैंड सहित कई देशों की यात्रा कर चुके हैं। इन यात्राओं से प्राप्त अनुभवों को वे अपने विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और व्यापारिक समुदाय के साथ साझा करते रहे हैं।

प्रमुख संस्थानों से जुड़े

व्यवसायिक क्षेत्र में वे रोहतक के प्रमुख संस्थानों द पेज होटल, द पराडा होटल और रेड बॉल क्रिकेट अकादमी से जुड़े हैं। 'रेड बॉल' अकादमी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की टीमें आकर अभ्यास और मैच खेलती हैं। सोनू मलिक विदेशों में देखी गई श्रेष्ठ व्यापारिक प्रणालियों को हरियाणा के स्थानीय व्यापारियों के साथ साझा कर रहे हैं।

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



महम। महम नगर पालिका द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आमजन को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप के माध्यम से नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनकी पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि जागरूकता कैंप का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी जरूरतमंद नागरिक जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। नगर पालिका महम की प्रधान भारती पंवार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने और पात्र लाभार्थियों को इनसे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके व्यापार मंडल के प्रधान एवं सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन जोगिंद्र गिरोत्रा, वेद प्रकाश धवन व नगर पालिका के सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एमडीयू में कौशल विकास कार्यशालाएं शुरू



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार की बदलती जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए कौशल विकास और व्यावहारिक प्रशिक्षण बेहद जरूरी हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें पेशेवर चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाते हैं। वे विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में आयोजित कौशल विकास कार्यशाला के शुभारम्भ सत्र पर बोल रहे थे। विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नंदी फाउंडेशन के सहयोग से वाणिज्य, जूलॉजी और पर्यावरण विज्ञान विभागों के विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कौशल विकास कार्यक्रमों को विद्यार्थियों की व्यावसायिक तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया।

डिजिटल सुरक्षा के गुर सिखाए



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) और डिजिटल लर्निंग सेंटर (डीएलसी) के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान : सेवा मेरा योगदान' के तहत सोमवार को सेक्टर-3 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में 'डिजिटल साक्षरता फॉर सीनियर सिटीजन्स' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमडीयू के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग के प्रो. संदीप दलाल ने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल तकनीक के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी दी। उन्होंने यूपीआई, ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिलॉकर के उपयोग, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया।प्रो. दलाल ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गई है। वरिष्ठ नागरिक भी तकनीक को अपनाकर अपने दैनिक कार्यों को सरल बना सकते हैं और डिजिटल माध्यमों से अधिक सुरक्षित तरीके से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता राठी और एनएसएस स्वयंसेवकों का सहयोग रहा। इस अवसर पर एएससी के समन्वयक अशोक कुमार, सहायक समन्वयक डॉ. नवीन अत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

शिक्षकों को निरंतर चिंतन, विमर्श और नवाचार की प्रक्रिया अपनानी होगी

रोहतक। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक प्रौद्योगिकी के समन्वय से उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान को अधिक प्रभावी, प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है। इसके लिए शिक्षकों को निरंतर चिंतन, विमर्श और नवाचार की प्रक्रिया अपनानी होगी। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा ने सोमवार को यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित दो-सप्ताहीय रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। प्रो. रणदीप राणा ने समुद्र मंथन का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार अमृत की प्राप्ति के लिए सामूहिक प्रयास और निरंतर मंथन आवश्यक था, उसी प्रकार शिक्षा एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक शिक्षा का अभिन्न अंग बन चुकी है। ऐसे में शिक्षकों को नवीन तकनीकों, रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। उन्होंने डिजिटल ह्यूमैनिटीज, अभिलेखीय अनुसंधान और भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एमएमटीटीसी की उपनिदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा ने बताया कि 12 से 24 अक्टूबर तक आयोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से 82 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कोर्स के दौरान 48 अकादमिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम

एसएम मेमोरियल स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



एसएम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से परिचित कराना, उनकी भावनात्मक समझ विकसित करना तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों का सकारात्मक दृष्टिकोण से सामना करने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ पीजीआईएमएस की विशेषज्ञ टीम ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में डॉ. जोगिंदर सिंह कैरो, डॉ गौतम, डॉ. अंकित यादव, डॉ. साहिल शर्मा, चेल्सी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा व्यक्तिगत समस्याओं से निपटने के प्रभावी तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के विचारों, भावनाओं, व्यवहार और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। इसलिए विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अपने मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है।

अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें विद्यार्थी

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव, शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा, असफलता के भय तथा दैनिक जीवन में उत्पन्न होने वाले तनाव को समझने और उससे उचित तरीके से निपटने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर है। विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने, धैर्य बनाए रखने तथा कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया।

शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला

कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि अपनी भावनाओं को पहचानना, समस्याओं को विश्वसनीय व्यक्तियों के साथ साझा करना तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों से सहायता लेना समझदारी का परिचायक है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को अनदेखा करने के बजाय समय पर उचित सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों ने शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। बच्चों की बात ध्यानपूर्वक सुनना, उनकी भावनाओं का सम्मान करना तथा उन्हें बिना किसी भय के अपनी समस्याएँ साझा करने का अवसर देना उनके व्यक्तित्व के बेहतर विकास में सहायक होता है। विद्यालय में सकारात्मक, संवेदनशील और सहयोगपूर्ण वातावरण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं भावनात्मक सुरक्षा को मजबूत बनाता है।

न्यूज डायरी



स्वास्थ्य शिविर का 185 लोगों ने उठाया लाभ

रोहतक। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री केवीएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से महराणा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 185 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं आगे की जांच के लिए उचित सलाह दी। साथ ही ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, बीमारियों की समय पर पहचान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को उनके नजदीक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।शिविर के सफल आयोजन में अस्पताल के चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं सहयोगी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने अस्पताल की इस पहल की सराहना की।



एमडीयू ने बल्लभ में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की ओर से सेवा संकल्प अभियान 'सेवा मेरा योगदान' के तहत कलानौर तहसील के बल्लभ गांव स्थित ग्राम सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम, यूथ रेड क्रॉस और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में करीब 150 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।इस शिविर में स्त्री रोग, हृदय रोग, सामान्य स्वास्थ्य, फिजियोथेरेपी, नेत्र एवं दंत जांच, त्वचा रोग, आयुर्वेद, न्यूरो थेरेपी, रक्त जांच और स्तन कैंसर की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



मिहिका सैनी ने पत्र लेखन में पाई सफलता

रोहतक। भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित '2026-अंतरराष्ट्रीय युवा पत्र लेखन प्रतियोगिता' में मॉडल स्कूल, रोहतक की छात्रा मिहिका सैनी ने हरियाणा सर्किल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि का गौरव प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का विषय डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्त्वपूर्ण रखा गया था।इस उपलब्धि पर 9 अक्टूबर 2026 को डाक विभाग के सर्किल कार्यालय, अंबाला कैंट में आयोजित कार्यक्रम में मिहिका को प्रमाण-पत्र और 10,000 की पुरस्कार राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंशा अहूजा, पुष्पा सिहाग व ऋचा सिंह भी मौजूद रहीं।



संत-महात्माओं के आशीर्वाद और कीर्तन से भक्तिमय हुआ रामा आश्रम

रोहतक। श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय सालाना महान यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस धार्मिक समारोह में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को अखंड पाठ साहिब के साथ हुई। रविवार को पाठ साहिब के भोग के उपरांत गुरु प्रवचन, कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने संत-महात्माओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह सतगुरुदेव महंत अशोक दास महाराज एवं रामानुज दास महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवा, सिमरन, सद्भावना और गुरु भक्ति का संदेश दिया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंच संचालन सुभाष अनुराग (हांसी), संजय शर्मा (वरिष्ठ) तथा गुलशन दुराना (रोहतक) ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त समाज सेवा समिति एवं सेवादारों का विशेष योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



संसद में युवाओं ने नशामुक्त भारत पर की चर्चा

रोहतक। माय भारत रोहतक की ओर से 10 अक्टूबर को एएमएस अकादमी में पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं ने मिनी संसद के माध्यम से नशा मुक्ति सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। माय भारत के जिला युवा अधिकारी परम राठी ने बताया कि कार्यक्रम विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा अभियान के तहत आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, भाषण, संवाद और समूह चर्चा के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शिवम, कुणाल, अभिषेक, मोहित राणा, पवन सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

महम में तीन जगह लगेंगे सेवा सेतु शिविर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत महम खंड में तीन दिन सेवा सेतु शिविर लगाए जाएंगे। सोमवार को महम नगर पालिका क्षेत्र के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पात्र लोगों को घर-द्वार के नजदीक सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी मुकुंद तंवर के अनुसार, 13 को महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, 14 को गांव मोखरा की पाना खांडयान चौपाल और 15 को गांव फरमाणा की ब्राह्मण धर्मशाला में शिविर लगाए जाएंगे। महम नगर पालिका की चेयरपर्सन भारती पंवार ने शिविर में अधिकारियों से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देने को कहा। शिविर में बिजली निगम, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान विकास, पशुपालन एवं डेयरी, सौर ऊर्जा, एमएसएमई और नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों ने भाग लिया।

फिटनेस कम्पीटिशन के विजेता सम्मानित



महम। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार 12 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय महम के ऑडिटोरियम में फिटनेशन कम्पीटिशन आयोजित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अर्जुन अवाड़ी कबड्डी खिलाड़ी दीपक निवास हुड्डा समारोह के मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान रस्सी कूद, स्टापू, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, पुश अप एंड सीट अप प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं के लड़कों वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल ने पहला, इसी कक्षा के अमन ने दूसरा और बीए अंतिम वर्ष के छात्र गुरमीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की खुशबू ने प्रथम, इसी कक्षा की सोनम ने द्वितीय और आशा ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने विद्यार्थियों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुकेश खत्री, विकास, गोलू, रणधीर, वजीर सिंह, ऋषि भारद्वाज, मीना, संदीप, दीपक बेरवाल व सुखबीर सिंह समेत कई प्राध्यापक मौजूद थे।

मकड़ौली में पीजीआई की टीम ने की मुंह के कैंसर की जांच

स्वास्थ्य जांच शिविर में 92 लोगों ने उठाया लाभ, निःशुल्क दवाइयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय एवं एलपीएस बॉसार्ड वैन के संयुक्त प्रयास से सोमवार को गांव मकडोली में निःशुल्क बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समन्वय पीजीआईएमएस के मेडिकल एवं डेंटल कैंप के नोडल अधिकारी डॉ. मंजूनाथ ने किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है ताकि छोटी-मोटी बीमारियों के लिए लोगों को शहरों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में लगभग 92 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में गांव की सरपंच सरिता देवी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे गांव स्तर पर सराहनीय पहल बताया।



त्वचा रोगों का भी किया इलाज

शिविर में दंत रोग, चर्म रोग, सामान्य चिकित्सा एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। दंत रोग टीम का नेतृत्व डॉ. कल्पना ने किया। डॉ. विकास व उनकी टीम ने एलपीएस बॉसार्ड की मोबाइल डेंटल वैन में मरीजों की जांच की। शिविर के दौरान मुख के कैंसर व कैंसर से पहले की अवस्थाओं की भी स्क्रीनिंग की गई। डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि शिविर में कुल 25 दंत प्रक्रियाएं की गईं, जिनमें मुख्य रूप से स्केलिंग और फिलिंग शामिल हैं। ग्रामीणों को मुख की स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी जागरूक किया गया। सामान्य चिकित्सा विभाग में उच्च रक्तचाप, बुखार, गठिया व दमा के मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। चर्म रोग विशेषज्ञों ने एलर्जी व अन्य त्वचा रोगों का इलाज किया।

मुख की स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी किया जागरूक

बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

सामुदायिक चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव व स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। डॉ. मंजूनाथ ने आशा वर्करों के सहयोग की विशेष रूप से सराहना की और कहा कि उनके सहयोग से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर तक पहुंच सके। शिविर में लगभग 92 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अंत में डॉ. मंजूनाथ ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल के नेतृत्व में भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर सामुदायिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

न्यूज डायरी

भर्तियों की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रोहतक। मिशन इक्वलिटी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रजिस्ट्रार को रोस्टर प्रणाली को ऑनलाइन करने और रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता जोगिंदर ने कहा कि यूजीसी ने 19 अप्रैल 2024 को निर्देश जारी किए थे कि सभी विश्वविद्यालय अपने रोस्टर रजिस्टर पोर्टल पर ऑनलाइन करें, ताकि पारदर्शी तरीके से सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। छात्रों ने रोस्टर व आरक्षण नियमों का पालन कर पारदर्शी तरीके से नई भर्तियां शुरू करने की मांग की। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष ईश्वर, महासचिव नकुल, प्रवीण, बजरंग, सचिन, वीरेन, अजित व दीपक मौजूद रहे।



एमडीयू में गूंजा नशामुक्त भारत का संदेश



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नशामुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, कर्मचारियों और खेल प्रेमियों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प दिलाया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और भविष्य को नुकसान पहुंचाता है। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल और डॉ. विपिन कुमार, भारतीय खेल प्राधिकरण से कोच एवं इंटरनेशनल बॉक्सर दलबीर सिंह, एमडीयू के खेल प्रशिक्षक डॉ. रमेश सिंधु, सुभाष शर्मा, विजय कुमार, अशोक कुमार, मनोज कुमार, विकास कुमार, मुकेश गोयल, नरेंद्र शीलक, खेल कार्यालय के कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

हरियाणवी कविता पाठ में करुणा प्रथम

रोहतक। राजकीय महाविद्यालय सांपला में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का समापन किया। पोस्टर मेकिंग में हर्ष ने प्रथम, इंद्रजीत ने द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, स्लोगन राइटिंग में सुनीता प्रथम, काजल द्वितीय और अंकित तृतीय स्थान पर रहे। दूसरे दिन भाषण, कविता पाठ, हरियाणवी कविता, नृत्य और गायन प्रतियोगिताओं ने विशेष आकर्षण बटोरा। हरियाणवी कविता पाठ में करुणा ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय और सोनिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल नृत्य मुकाबले में रश्मि प्रथम, सोनिया द्वितीय तथा काजल और वंश संयुक्त रूप से तृतीय रहे। ग्रुप डांस में सोनिया और तमन्ना की जोड़ी अव्वल रही।



एमएससी फिजिक्स के नतीजों ने बढ़ाई परेशानी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के एमएससी फिजिक्स चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की री-अपीयर समस्या को लेकर छात्र प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मुलाकात की।



एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ और मनीष मलिक आंवली के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने डीन एकेडमिक प्रो. रणदीप राणा व ओएसडी डॉ. रवि प्रभात को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने बताया कि 3 अगस्त को जारी परिणाम में 90% से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण (री-अपीयर) रहे। री-वैल्यूएशन पोर्टल की समय-सीमा समाप्त होने और परिणाम में देरी के कारण विद्यार्थियों का पीएचडी दाखिला और असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती का आवेदन अटक गया है। प्रशासन ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि एक-दो दिन के भीतर री-वैल्यूएशन पोर्टल दोबारा खोल दिया जाएगा। इस दौरान प्रतिभा, प्रेरणा, श्वेता, रोहित, निखिल आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट में फार्मेसी विभाग ने जीता खिताब



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में फार्मेसी विभाग ने बीएएमएस की टीम को 9 विकेट से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। कुलपति डॉ. बी.एम. यादव के मार्गदर्शन और स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा का शुभारंभ रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने किया। फाइनल मैच का टॉस कुलपति डॉ. बी.एम. यादव व डॉ. नवीन कपिल ने करवाया। फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. पवन जालवाल और प्रिंसिपल डॉ. बलविंदर सिंह ने विजेता टीम को बधाई दी। इस दौरान स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. बबलू शर्मा, डॉ. इशु खांगवाल सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

फीस वृद्धि के खिलाफ तीन दिवसीय धरना शुरू

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विवेकानंद लाइब्रेरी चौक पर एसएफआई ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरुआत की।



संगठन की मुख्य मांगों में खाली पड़े टीचिंग व नॉन-टीचिंग पदों पर स्थायी भर्तियां, हर साल 10% फीस वृद्धि पर रोक और महिला गार्ड्स की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा मजबूत करना शामिल है। धरने के पहले दिन एमडीयू यूनिट सचिव उज्ज्वल कुंडू ने कहा कि स्थायी शिक्षकों की कमी से पढ़ाई, शोध और शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। फीस में लगातार बढ़ोतरी से गरीब छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। रोहतक जिला सचिव अमित पिलाना ने चिंता जताते हुए कहा कि इतिहास, संगीत, फॉरेंसिक साइंस और सांख्यिकी जैसे विभागों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिससे कई कोर्स बंद हो रहे हैं।

निगम ने राष्ट्रीय ट्रेकिंग कैंप में लहराया परचम

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर निगम ने उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती स्थित सुहेलवा वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित 'ऑल इंडिया एनसीसी उत्तर प्रदेश ट्रेकिंग कैंप-2026' में भाग लेकर संस्थान का नाम रोशन किया। 1 से 8 अक्टूबर तक चले इस राष्ट्रीय शिविर का आयोजन 51 यूपी बटालियन एनसीसी, बलरामपुर द्वारा उत्तर प्रदेश निदेशालय व गोरखपुर ग्रुप के तत्वावधान में किया गया था। ट्रेकिंग के दौरान कैडेट निगम ने अपने साहस, अनुशासन, उत्कृष्ट नेतृत्व और टीम भावना का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने निगम को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रसेवा और अनुशासन का भाव जगाने का बेहतरीन माध्यम है। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. उन्मेष मिश्र ने कैडेट का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।



एचडी स्कूल बहुअकबरपुर के दो विद्यार्थी एनडीए परीक्षा में चमकें





रोहतक। स्थानीय क्षेत्र के बहुअकबरपुर स्थित एच.डी. पब्लिक स्कूल के दो मेधावी विद्यार्थियों ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में गिरावड़ निवासी गुरमीत रोहिल्ला और नांदल गाँव निवासी अभिनव शामिल हैं। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में जश्न और गर्व का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फोगाट ने सफल विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और अटूट समर्पण का परिणाम है। फोगाट ने विश्वास जताया कि ये युवा भविष्य में सशस्त्र बलों का हिस्सा बनकर देश सेवा का गौरव प्राप्त करेंगे। साथ ही, उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

महिला कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा पर वेबिनार

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा के वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभागों के संयुक्त तत्वावधान में 'स्मार्ट इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम' के तहत 'मास्टरिंग फाइनेंशियल स्किल्स फॉर यूथ' विषय पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. सुरक्षा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वित्तीय साक्षरता, बचत, सुरक्षित निवेश और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता दीपाली चंदक ने विद्यार्थियों को बजट निर्माण, धन प्रबंधन तथा सोच-समझकर निवेश करने के गुण सिखाए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अलका और सह-समन्वयक सीमा अहलावत रहीं। इस दौरान डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. दीपिका, डॉ. रीना सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

संजीता नहरा ने पास की एनडीए परीक्षा, स्कूल में जश्न का माहौल

महम। एच डी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम की छात्रा संजीता नहरा सुपुत्री बलजीत सिंह नहरा ने संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित एनडीए परीक्षा पास की है। प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उसको बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। निदेशक कुलवंत नहरा व सचिव संजीव छिल्लर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन से ही लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।



एमडीयू में आयोजित 11वीं फ्लोरबॉल फेडरेशन कप में हरियाणा उपविजेता

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित 11वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल फेडरेशन कप (पुरुष व महिला वर्ग) में हरियाणा की टीम ने उपविजेता (रनर्स-अप) का खिताब हासिल किया। हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं जाट कॉलेज के पूर्व छात्र शत्रुंजय सैनी ने उपविजेता बनी हरियाणा टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और एसोसिएशन को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। शत्रुंजय सैनी ने कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ युवाओं में अनुशासन, खेल भावना और प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने हरियाणा में खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। उन्होंने एसोसिएशन और आयोजकों को सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दीं।

जिला स्तरीय स्कूली खेलों में बेटियों ने दिखाया हुनर

योग प्रतियोगिता में शानवी और कुश्ती में भूमि ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार को जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रोहतक के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। छोटू राम स्टेडियम में अंडर-11 आयु वर्ग की लड़कियों की योग एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं, मानव रचना सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुनारिया में एथलेटिक्स तथा दिल्ली रोड स्थित डीएवी स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में भी विभिन्न ब्लॉकों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला मौलिक सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संदीप दांगी ने बताया कि छोटू राम स्टेडियम में आयोजित अंडर-11 आयु वर्ग की लड़कियों की योग प्रतियोगिता के ट्रेडिशनल इवेंट में शानवी सिंगल ने प्रथम व पीहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में सानवी चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक पेयर में हंसिका एवं गुंजन की जोड़ी प्रथम तथा आलिया एवं इशिका की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। रिदमिक पेयर इवेंट में दिव्यांशी एवं गुंजन की जोड़ी ने प्रथम तथा नैंसी एवं यशवी की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



रोहतक। योगा प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम

- **अंडर-20 किग्रा:** भूमि (प्रथम), शिवन्या (द्वितीय)।
- **22, 24, 26 किग्रा:** भवानी, जीविका व याशु अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहीं।
- **28 किग्रा:** रिया प्रथम व दिया द्वितीय।
- **30 किग्रा:** ईशा प्रथम व दृष्टि द्वितीय।
- **32 व 34 किग्रा:** प्रेरणा तथा दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 34 किग्रा से अधिक: पावनी ने प्रथम तथा अमायरा द्वितीय स्थान पर

खो-खो प्रतियोगिता: कलानौर ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। सांपला ब्लॉक द्वितीय व रोहतक ब्लॉक तृतीय स्थान पर

एथलेटिक्स, स्केटिंग और खो-खो में दिखा उत्साह

मानव रचना सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सुनारिया), डीएवी स्कूल (दिल्ली रोड) और विभिन्न परिसरों में एथलेटिक्स, स्केटिंग व खो-खो के मुकाबले खेले गए:

एथलेटिक्स (मानव रचना स्कूल, सुनारिया):

शॉट पुट: सुनाया प्रथम, मायरा द्वितीय, रियांशी तृतीय।

लॉन्ग जंप: हरनूर (प्रथम), मानवी (द्वितीय), रूपांशी (तृतीय), नव्या (चौथा), खुशी (पांचवां)।

हाई जंप: रुचि (प्रथम), ईशानी (द्वितीय), राम भतेरी (तृतीय)।

200 मीटर दौड़: अर्पिता प्रथम, तनिष्का द्वितीय, हरनूर तृतीय, रिद्धि चौथे व रौनक पांचवें स्थान पर रहीं।

400 मीटर दौड़: तनीषा प्रथम, भूमि द्वितीय तथा गुरबाणी तृतीय स्थान पर रहीं।

स्केटिंग (डीएवी स्कूल, दिल्ली रोड): ओबिनी ने प्रथम, जीविका ने द्वितीय तथा नुर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कीर्ति चौथे, भाविका पांचवें तथा मिसाल छठे स्थान पर रहीं।

रोहतक रनर्स ग्रुप ने बहादुरगढ़ रन में जमाया रंग, वरिष्ठ धावक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप द्वारा रविवार को आयोजित 7वीं वार्षिक 10 किलोमीटर दौड़ में रोहतक रनर्स ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

स्पर्धा के दौरान फिटनेस की मिसाल पेश करने वाले आरआरजी के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ धावकों सुरेन्द्र पाल सिंह धनखड़, अशोक राणा, शमशेर सिंह और रणबीर मलिक को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



10 किलोमीटर दौड़ में हासिल किए मेडल

इनके साथ ही विनोद खत्री, सुरेंद्र सिंह खत्री, अनिल मेहरा, मंजु बाला सिवाच, निर्देश दहिया, राजेश पायलट, रोहित राठी, परवीन कुमार जांगड़ा, राजीव भारद्वाज और अरविंद पाल दहिया ने 10 किलोमीटर दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा कर मेडल हासिल किए। आरआरजी के सदस्यों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने बधाई दी। धावकों ने समाज को स्वस्थ व नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा ने 10 पदक किए हासिल

रोहतक। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में आयोजित 4 दिवसीय (8-11 अक्टूबर) 65वीं नेशनल ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एथलेटिक्स हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल टैली में तीसरा स्थान और महिला वर्ग में तृतीय स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा किया। हरियाणा की टीम ने कुल 10 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य) अपने नाम किए। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान और एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। प्रमुख प्रदर्शनों में संदीप कुमार (महेंद्रगढ़) ने 42 किमी मैराथन रेस वॉक में 3 घंटे 19 मिनट 52 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। पुरुष जेवलिन थ्रो में आदित्य (जींद) ने 79.40 मीटर थ्रो कर स्वर्ण और महिला 400 मीटर दौड़ में अंजलि (चरखी दादरी) ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा, 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में तमन्ना, स्नेह, मनीषा और अंजलि की हरियाणा टीम ने रजत पदक जीता। महासचिव प्रदीप मलिक ने सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।



करनाल में 15 को होगी जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप

रोहतक। 20वीं नेशनल इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तहत जिला एथलेटिक्स संघ करनाल द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को स्थानीय करण स्टेडियम में जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। फरीदाबाद के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां हिस्सा लेंगे। अंडर-14 वर्ग (जन्म: 17-11-2012 से 16-11-2014) के लिए ट्रायथलॉन (ए, बी, सी) और किड्स जैवलिन इवेंट होंगे। वहीं, कोच सतीश पंघाल व अनिल कुमार ने बताया कि अंडर-16 वर्ग (जन्म: 17-11-2010 से 16-11-2012) के लिए 60 मीटर, 600 मीटर दौड़, हर्डल्स, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और पेंटाथलॉन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर 2026 तक हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

मनाली में सीखा पहाड़ी सर्वेक्षण का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूआईईटी-बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर के 49 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित सर्वे कैंप के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों के सर्वेक्षण की तकनीकी बारीकियां सीखीं। 5 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न ऊंचाइयों की माप, भू-आकृतियों के आकलन और सर्वेक्षण की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राध्यापक अमित कुमार और रविश कुमार के पर्यवेक्षण में विद्यार्थियों ने पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों में सर्वेक्षण कार्य का अभ्यास किया। इस दौरान उन्हें सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित तकनीकी पहलुओं को वास्तविक परिस्थितियों में समझने और सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम के तहत सर्वे कैंप में भागीदारी अनिवार्य है।



टी 20 ट्रॉफी: हरियाणा ने पुडुचेरी को 73 रनों से दी करारी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला अंडर-19 टी20 ट्रॉफी एलीट ग्रुप मुकाबले में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी को 73 रनों से हरा दिया। हैदराबाद के नेक्स्टजेन क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 182 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

दीया ने खेली 68 रनों की तूफानी पारी



हरियाणा की ओर से दीया यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 68 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं, कनक भाटी ने 43 गेंदों में 8 चौकों और 1 छक्के के साथ 55 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। तनिष्का शर्मा ने भी 14 गेंदों में 20 रन बनाए। पुडुचेरी की तरफ से अगल्या ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए। हरियाणा की जीत में गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। तानिया ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 12 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि समैरा सहगल ने भी बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 14 रन देकर 3 सफलताएं हासिल कीं।





नवरात्र में खाएं मिठाई, दिवाली पर पता चलेगा शुद्ध है या नहीं

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, पांच सैंपल लिए ▶▶ 20 दिन में आएगी रिपोर्ट, मिलावट मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवरात्र में मिठाई खाएं, लेकिन दिवाली में पता चलेगा शुद्ध है या नहीं। क्योंकि सैंपलों की रिपोर्ट 20 दिन बाद आएगी। नवरात्र पर्व पर व्रत में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर निगरानी बढ़ा दी है। सोमवार को विभाग की टीम ने मालगोदाम रोड स्थित मिठाई की दुकानों और जनरल स्टोर पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के 5 सैंपल लिए। इनमें सामक, घी, खाद्य तेल और नमकीन के नमूने शामिल हैं। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ी मिलती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए

खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी नरवाल ने बताया कि पांच सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट करीब 20 दिन में आएगी। मिलावट या गुणवत्ता में कमी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

लाइसेंस और पंजीकरण जांचे

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम दुकानदारों के लाइसेंस और पंजीकरण की जांच कर रही है। आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर नोटिस दिए जा रहे हैं।

सीलबंद पैकेट खरीदें

असिस्टेंट संदीप राठी ने बताया कि जांच अभियान पूरे नवरात्र जारी रहेगा। दुकानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और दस्तावेज जांचे जाएंगे। विभाग ने लोगों से खुले खाद्य पदार्थों से बचने और सीलबंद पैकेट खरीदने की अपील की है।

प्रशासन सख्त, लेकिन जांच और सैंपलिंग के आंकड़े कहां!

नवरात्रों में व्रत के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त सतबीर सिंह ने खाद्य सुरक्षा विभाग को दुकानों, गोदामों और मंडियों का नियमित निरीक्षण कर सैंपल लेने के निर्देश दिए हैं। लेकिन जांच और सैंपलिंग के आंकड़े मौजूद ही नहीं है। हालांकि, अब तक कितने प्रतिष्ठानों की जांच हुई और कितने सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए, इसका ब्योरा सामने नहीं आया है। व्रत में कुट्टू-सिंघाड़े के आटे, साबूदाना और खाद्य तेल की मांग बढ़ जाती है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से पैकिंग, एक्सपायरी डेट और एफएसएसएआई लाइसेंस जांचकर खाद्य पदार्थ खरीदने की अपील की है।



एसआईआर के लंबित मामले घटकर 8 से 9 हजार रह गए

रोहतक। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में मतदाता सूची से जुड़े लंबित मामलों की संख्या घटकर करीब 8 से 9 हजार रह गई है। पहले जिले में 11,498 मामले लंबित थे। विशेष शिविरों और घर-घर संपर्क अभियान के जरिए सुनवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। लंबित मामलों का निस्तारण 28 अक्टूबर तक किया जाना है, जबकि अंतिम मतदाता सूची 6 नवंबर को प्रकाशित होगी। एसआईआर के तहत जिले में कुल 1,72,937 नोटिस जारी किए गए थे। पुराने मतदाता रिकॉर्ड से जानकारी का मिलान नहीं होने पर संबंधित मतदाताओं से दस्तावेज मांगे गए। आठ अक्टूबर तक 983 मामलों की सुनवाई पूरी हुई थी और 11,498 मामले लंबित थे। अब इनकी संख्या घटकर करीब 8 से 9 हजार रह गई है। जिले में 8,50,304 मतदाता दर्ज है।

■ 1,72,937 मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस

नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 जरूरी: जिन पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ निर्धारित घोषणा-पत्र और जरूरी दस्तावेज जमा कराने होंगे। आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल **voters.eci.gov.in** पर ऑनलाइन किया जा सकता है।


जिले की 456 किमी सड़कों पर बिछेगी डामर की नई परत

पांच साल में हर सड़क की कम से कम एक बार होगी मरम्मत

पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और एचएसवीपी को बनानी होगी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में सड़कों की मरम्मत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नई नीति के तहत अब सड़कों पर डामर की परत बिछाने और समय पर मरम्मत कराने पर जोर दिया जाएगा। रोहतक जिले में 456 किलोमीटर लंबी सड़कों पर डामर की नई परत बिछाई जाएगी। नीति के अनुसार, सड़क की हालत खराब होने पर उसके पूरी तरह टूटने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि जरूरत के अनुसार उसी समय मरम्मत कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक सड़क की पांच साल की अवधि में कम से कम एक बार डामर की परत बिछाकर मरम्मत करना जरूरी होगा। अब तक कई स्थानों पर सड़कें अधिक टूटने के बाद मरम्मत कराई जाती है। कई बार गड्ढे भरकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, लेकिन कुछ समय बाद सड़क फिर से खराब हो जाती है। नई व्यवस्था में इस स्थिति को बदलने पर जोर दिया गया है। सड़क की स्थिति पर नजर रखकर समय रहते सुधार करना होगा, ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो और सड़क की उम्र भी बढ़ाई जा सके।



अलग-अलग विभागों के पास हैं सड़कें

जिले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों के अधीन सड़कें आती हैं। नई नीति के तहत संबंधित विभागों को अपनी सड़कों की स्थिति के अनुसार मरम्मत की योजना बनानी होगी। जिले की 456 किलोमीटर लंबी सड़कों पर डामर की परत बिछाने का लक्ष्य तय होने से सड़क रखरखाव के काम को व्यवस्थित करने में मदद मिल सकती है। सड़क निर्माण में सामान्य तौर पर नीचे बेस मिट्टी की परत, उसके ऊपर पत्थर की परत और सबसे ऊपर तारकोल यानी डामर की परत होती है। वाहनों की आवाजाही, मौसम और पानी जमा होने के कारण ऊपरी परत उखड़ने लगती है। समय पर डामर की नई परत नहीं बिछने से गड्ढे बढ़ते जाते हैं और सड़क की हालत खराब हो जाती है। ऐसे में नियमित निरीक्षण और समय पर मरम्मत जरूरी है।

नई नीति के तहत काम किया जाएगा

सड़कों के रखरखाव को बेहतर बनाने के लिए नई नीति के तहत काम किया जाएगा। सड़कों की स्थिति के अनुसार समय पर मरम्मत और डामर की नई परत बिछाई जाएगी, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। -राजीव यादव, एडवाइजर, इंफ्रास्ट्रक्चर

गड्ढे बढ़ने से पहले करना होगा सुधार

नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सड़कों को खराब होने के बाद बार-बार अस्थायी रूप से ठीक करने के बजाय उनका समय पर रखरखाव करना है। सड़क पर गड्ढे बनने, डामर उखड़ने या सतह खराब होने की स्थिति में संबंधित विभाग को आवश्यक मरम्मत करानी होगी। सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कम करने में भी मदद मिल सकती है।

रोहतक से पंडोह बांध के लिए रोडवेज बस सेवा को पूर्व मंत्री ने दिखाई झंडी

ग्रोवर ने यात्रियों को लड्डू खिलाकर किया रवाना

438 किमी सफर के लिए 722 रुपये किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिमाचल प्रदेश की वादियों तक यात्रियों की पहुंच आसान बनाने के लिए सोमवार को रोहतक रोडवेज डिपो से पंडोह बांध के लिए बस सेवा रवाना की गई। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका और रोडवेज महाप्रबंधक नवीन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। नई बस सेवा शुरू होने से हिमाचल प्रदेश जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। बस रवाना करने के दौरान मौजूद अतिथियों ने यात्रियों को सुरक्षित और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यात्रियों को लड्डू खिलाकर उनकी यात्रा की मंगलकामना की गई। हरियाणा रोडवेज की ओर से जारी मार्ग संबंधी जानकारी के अनुसार, बस रोहतक से पानीपत, चंडीगढ़, मोहाली, रूपनगर, बिलासपुर, सुंदरनगर और मंडी होते हुए पंडोह बांध तक पहुंचेगी।



रोहतक। बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, एसपी, एडीसी, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ,रोडवेज जीएम नवीन कुमार व अन्य।

सुबह 11:30 बजे चलेगी

रोहतक से पंडोह बांध तक 438 किलोमीटर का सफर करने के लिए 722 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। चंडीगढ़ तक 315 रुपये, बिलासपुर तक 495 रुपये और मंडी तक 675 रुपये किराया है। रोहतक से बस का प्रस्तावित प्रस्थान समय सुबह 11:30 बजे और पंडोह बांध से वापसी का समय सुबह पांच बजे है।



रोहतक। लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश शुभम व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल। फोटो : हरिभूमि

शिविरों में लोगों की समस्याएं सुनीं, समयबद्ध निपटारे के निर्देश

रोहतक। जिले में सोमवार को रोहतक, सांपला और महम में समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए।जिला मुख्यालय पर एसडीएम आशीष कुमार, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश शुभम और डीएसपी राजेश कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधि सतीश चौधरी और डॉ. अशोक रंगा भी मौजूद रहे। सांपला में एसडीएम अंकिता पुवार और महम में एसडीएम विपिन कुमार की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुआ।समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय और दोनों उपमंडलों में लगाए जाते हैं। लोग साधारण कागज पर शिकायत लिखकर दे सकते हैं। आवेदन कंप्यूटर पर टाइप करवाना जरूरी नहीं है। लिखने-पढ़ने में असमर्थ लोगों की सहायता के लिए भी कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को 21 लाख देने का ऐलान

मंत्री डॉ. शर्मा के जन्मदिन पर हवन और रक्तदान शिविर लगाया
बोले-बच्चों को दें अच्छे संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान में सोमवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के विकास और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए 21 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। कार्यक्रम में गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज में हवन और रक्तदान शिविर भी लगाया गया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थान समाज निर्माण और युवाओं का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना जरूरी है। संस्थान के प्रशासक एवं रोहतक के एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने मंत्री का स्वागत किया और अनुदान की घोषणा पर आभार जताया। गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा, गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वारिज पांडेय, पार्षद प्रवीण कौशिक, एडवोकेट मोनू अत्री, दिल्ली राज्य ब्राह्मण सभा के प्रधान रमेश मुद्गिल आदि मौजूद रहे।



सांपला तक मेट्रो के लिए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिले

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सांपला तक मेट्रो रेल सेवा पहुंचाने की मांग केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के समक्ष रखी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में आवागमन और विकास को गति मिलेगी। सोमवार को सांपला के भगवान परशुराम भवन में जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों का आभार जताया। डॉ. शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका उद्देश्य है और नगरपालिका चुनाव में किए गए वादे पूरे करवाए जाएंगे। शहर में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों पर जोर दिया जाएगा।

सेक्टर-3 में शीशा तोड़कर घर के बाहर खड़ी क्रेटा ले गए चोर

▶▶ *रात 9 बजे खड़ी की कार, सुबह 6 बजे गायब मिली, वारदात सीसीटीवी में कैद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

घर के बाहर सुरक्षित खड़ी कार भी चोरों के निशाने पर है। रोहतक के सेक्टर-3 में रात के समय सफेद कार में सवार होकर आए दो युवकों ने घर के बाहर खड़ी क्रेटा गाड़ी का शीशा तोड़ा और उसे चोरी कर फरार हो गए। सुबह कार गायब मिलने पर मालिक ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची तो चोरी की वारदात सामने आई। शिकायत के आधार पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-3 स्थित निवासी युगांक पुत्र आजाद सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास काली क्रेटा कार थी। उसने 11 अक्टूबर की रात 9 बजे कार को अच्छी तरह लॉक करके घर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन 12 अक्टूबर को सुबह करीब 6 बजे उठकर देखा तो कार वहां से गायब थी। शिकायत पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों व चोरी कार का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार में आए थे दो युवक

कार नहीं मिलने पर युगांक ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में दो युवक एक सफेद कार में आते दिखाई दिए। आरोप है कि दोनों ने उसकी क्रेटा का शीशा तोड़ा और कार चोरी करके ले गए। इसके बाद युगांक ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और कार बरामद करवाने की मांग की।

प्रो. प्रभाकर पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के निदेशक बने



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने यूआईईटी के प्रो. प्रभाकर कौशिक को पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र का निदेशक तथा डॉ. राजेश कुमार को उपनिदेशक नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि दोनों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।प्रो. प्रभाकर कौशिक और डॉ. राजेश कुमार ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताते हुए कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर यूआईईटी निदेशक प्रो. विनीत सिंगला, एमडीयू शिक्षक संघ प्रधान डॉ. प्रदीप गहलोत सहित अन्य प्राध्यापकों ने दोनों को शुभकामनाएं दीं।

एचआईवी-एड्स रोकथाम के लिए 19 अक्टूबर को फिर होगी बैठक



रोहतक। जिले में एचआईवी/एड्स की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गठित जिला टास्क फोर्स में विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। इसके लिए 19 अक्टूबर को दोबारा बैठक होगी। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संस्थानों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर चर्चा की गई। टास्क फोर्स में कुछ अन्य विभागों को शामिल करने का भी निर्णय लिया गया।अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और अपनी जिम्मेदारियां गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। विभागों से उनके कार्यों का विस्तृत ब्योरा तैयार करने को कहा गया, ताकि भूमिकाएं स्पष्ट की जा सकें। पिछली बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों को अगली बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।



डीएसपी ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था जांची

इयूटी में लापरवाही न बरतें, आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे

■ संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते पहचानने के लिए पुलिस की सतर्कता जरूरी है। इसी को लेकर उप पुलिस अधीक्षक शहर राजेश कुमार लोहान ने रोहतक कोर्ट परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और इयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की चेकिंग की। डीएसपी सिटी राजेश कुमार लोहान ने कोर्ट परिसर में तैनात पुलिस कर्मचारियों की इयूटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता, अनुशासन और मुस्तैदी के साथ करें। इयूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा सजग रहें। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और वहां होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देती है तो उसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस कर्मचारियों को इयूटी के दौरान अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू, गूगल प्ले स्टेर डाउनलोड करें एप

पीएनजी उपभोक्ता हेलो बीपीसीएल एप पर खुद अपलोड करेंगे मीटर रीडिंग, फिर व्हाट्सएप पर मिलेगा बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने वाले 16,500 उपभोक्ताओं को अब अपने गैस मीटर की रीडिंग खुद अपलोड करनी होगी। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बिलिंग व्यवस्था में बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं को हेलो बीपीसीएल ऐप के माध्यम से मीटर रीडिंग की फोटो भेजने की सुविधा दी है। उपभोक्ताओं की ओर से रीडिंग उपलब्ध होने के बाद कंपनी बिल तैयार करके व्हाट्सऐप और एसएमएस के माध्यम से भेजेगी। इससे मीटर रीडिंग दर्ज कराने के लिए कर्मचारी का इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी और उपभोक्ता घर बैठे अपना बिल प्राप्त कर सकेंगे। बीपीसीएल की नई व्यवस्था के तहत आगामी बिलिंग चक्र में उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग की फोटो अपलोड करने के लिए तीन दिन का समय दिया जाएगा। उपभोक्ता को इस अवधि के दौरान अपने मीटर की वास्तविक रीडिंग की फोटो ऐप पर भेजनी होगी। एंड्रॉयड मोबाइल इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से हेलो बीपीसीएल ऐप डाउनलोड करके अपने मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर सकते हैं।

प्रतिदिन प्रति मीटर 0.4 एससीएम गैस की अनुमानित खपत को आधार बनाया

अनुमानित बिलों में होगा समायोजन
डिजिटल बिलिंग व्यवस्था की शुरुआत में कुछ उपभोक्ताओं को अनुमानित खपत के आधार पर बिल जारी किए गए हैं। ऐसे मामलों में प्रतिदिन प्रति मीटर 0.4 एससीएम गैस की अनुमानित खपत को आधार बनाया गया है, जो लगभग 300 ग्राम पीएनजी के बराबर है। वास्तविक मीटर रीडिंग अपलोड होने के बाद खपत का सही आकलन किया जाएगा।